दिनांक–17.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- वैष्विक मंच पर भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है मैक इन इंडिया।
- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले नीति आयोग का पुनर्गठन। मध्यप्रदेष से दो केन्द्रीय मंत्री भी षामिल।
- जबलपुर सहित प्रदेष के चार षहरों में होगा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन।
- प्रदेष में बारिष का दौर जारी। मौसम विभाग ने जारी किया 8 जिलों के लिये अलर्ट।

बैठक–गड़करी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल नई दिल्ली में हुई बैठक में मध्यप्रदेश में 100 करोड़ से अधिक लागत वाली सभी निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत मध्यप्रदेश में 18 हजार करोड़ रूपये की लागत के 28 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के 4 हजार करोड़ रूपये के 10 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण कार्यों में आने वाली बाधाएं, विलंब, भूमि अधिग्रहण एवं वन अनुमतियों जैसे मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआ। यह समीक्षा बैठक मध्यप्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने और परिवहन सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मध्य प्रदेश में सड़कों के विस्तार के संबंध में दिए गए निर्देशों और उज्जैन एवं सागर में रोपवे सुविधा प्रारंभ करने संबंधी प्रक्रिया के लिए हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के विस्तृत निर्देशों से मध्यप्रदेश को सड़क परिवहन क्षेत्र में लाभ मिलेगा।

सीबीआई–नीट गिरफ्तार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो –सीबीआई ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें से एक आरोपी पटना से गिरफ्तार किया गया। यह झारखंड के बोकारो का निवासी है जिसपर हजारीबाग स्थित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के केन्द्र से नीट–यूजी परीक्षा का पेपर चुराने का आरोप है। वहीं दूसरे व्यक्ति को पेपर चुराने के आरोप में हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने अब तक झारखंड के एक स्कूल से प्रधानाचार्य और सह–प्रधानाचार्य सहित चौदह लोगों की गिरफ्तारी की है। सीबीआई और कई राज्यों की पुलिस नीट जैसी बडी परिक्षाओं का पेपर लीक करने वाले राष्ट्रीय स्तर के गिरोह की पडताल कर रही हैं। नीट–यूजी की परीक्षा चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

भारत–आईसीसीपीआर

भारत ने कल जिनेवा में नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध–आई.सी.सी.पी.आर. के तहत मानवाधिकार समिति द्वारा अपनी चौथी आवधिक समीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कर ली है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने किया। इसमें पश्चिम क्षेत्र के सचिव पवन कपूर और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, अल्पसंख्यक मामले, विदेश मंत्रालय, जनजातीय कार्य, गृह मंत्रालय और अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे।

नीति आयोग

केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर दिया है।कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ आयोग में पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

सरकारी अधिसूचना में कहा गया है, कि आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान और योजना मंत्री राव इंद्रजीत सिंह शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं और सुमन बेरी इसके उपाध्यक्ष हैं। वी के सारस्वत, प्रोफेसर रमेश चंद, डॉ वी के पॉल और आनंद विरमानी आयोग के पूर्णकालिक सदस्य हैं।

पीएम–मेक इन इंडिया

'मेक इन इंडिया' भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ा रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में मेक इन इंडिया की झलक दिखलाते हुए बताया गया है कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग हो रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड्स में निर्यात बढ़ा है। यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है।

पोस्ट के अनुसार, बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। जो भारतीय उत्पादों की अप्रत्याशित वैश्विक पहुंच को प्रदर्शित करता है। यह वह मील का पत्थर है जो अंतरराष्ट्रीय रक्षा बाजारों में भारत के बढ़ते प्रभाव और इसकी विनिर्माण क्षमताओं की उच्च गुणवत्ता को दर्शाता है। इतना ही नहीं, जैसे–जैसे विश्व कप नजदीक आया, कश्मीर में बने बल्ले की भारी मांग होने लगी। इसी प्रकार अमेरिकी बाजार में अमूल अपने उत्पाद उतारकर भारत के अनूठे स्वादों को दुनिया भर में पहुंचा रहा है। वहीं, भारत की यूपीआई प्रणाली अब वैश्विक बन गई है, जो कई देशों में निर्बाध डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती है।

भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम से बनी ब्रह्मोस मिसाइलें अब दक्षिणी चीन सागर में तैनात हैं। यह विकास भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं और वैश्विक सुरक्षा को बढ़ाने में देश की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है।

सीएम–जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल जबलपुर प्रवास के दौरान यहां 20 जुलाई को आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों की समीक्षा के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक ली। यह आयोजन जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद बोष सूचना एवं संस्कृति केन्द्र में होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में जबलपुर को व्यापार और व्यवसाय की दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र बताते हुये कहा कि जबलपुर में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में निवेश के बड़े प्रस्तावों के साथ–साथ इस स्थानीय उद्योगों की कठिनाईयों और विस्तार की संभावनाओं पर भी चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए कई बदलाव भी किये है। सरकार चाहती है कि प्रदेश में उपलब्ध कच्चा माल से उत्पाद तैयार करने की इकाईयां भी यहां लगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने और बड़े निवेश लाने जबलपुर के बाद ग्वालियर, रीवा और सागर में भी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी। इसके साथ ही भोपाल में इंटरनेशनल लेवल पर सर्किट का आयोजन किया जायेगा।

बारिष–प्रदेष

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। अब तक मालवा निमाड़ क्षेत्र के गांव–षहरों में 2 इंच से अधिक बारिष हो चुकी है। मौसम विभाग ने राजधानी भोपाल समेत उज्जैन, रतलाम, खंडवा, देवास, मंदसौर, नीमच के लिये तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही ग्वालियर, जबलपुर और रीवा संभाग के जिलों में कहीं कम तो कहीं तेज बारिष की संभावना है। बारिश की वजह से प्रदेश के बड़े डैमों में पानी का लेवल भी बढ़ा है। बैतूल जिले में बिजली गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई और महिला का पति घायल हो गया है। धार शहर की अर्जुन कालोनी में कल शाम आकाशीय बिजली गिरने से नीम के नीचे खड़े तीन किशोर की मौत हो गई। जिला प्रशासन द्वारा तीन किशोरों की आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिजनों को 15–15 हज़ार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है।

टी–20

एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम कोलंबो पहुंच गई है। ये टूर्नामेंट आगामी 19 जुलाई शुक्रवार से श्रीलंका के दांबुला में शुरू हो रहा है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली नीली पोशाक पहनी महिलाएं पहले दिन चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेंगी। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल की टीम है। जबकि मेजबान श्रीलंका और मलेशिया, थाईलैंड, बांग्लादेश ग्रुप बी में है। गत चैंपियन भारत एक बार फिर से एशिया कप टी20 ट्रॉफी जीतना चाहेगा। भारत ने 2018 को छोड़कर अब तक महिला एशिया कप टी20 के सभी टूर्नामेंट जीते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले में भी 18 जुलाई से 31 अगस्त तक "राजस्व महाअभियान" चलाया जाएगा। जिला कलेक्टर ने इस संबंध में एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देश जारी किए गए है।
- मैहर जिले के सिविल अस्पताल में प्रति गुरूवार को प्रातः 10 बजे दोपहर 2 बजे तक दिव्यांगजनों के लिए विकलांग मेडिकल बोर्ड शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- शिवपुरी में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप का आयोजन आज होगा।

................................